**तस्करी** — भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त, दो अंतर्राज्यीय शराब तस्कर पुलिस गिरफ्त में

# मिठाई के खाली डिब्बों में की जा रही अवैध शराब की तस्करी



**नवभारत,नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध OPERATION EAGLE CLAW जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है। दिनांक 10.02.2026 की रात्रि को विस्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की एक महाराष्ट पासिंग आयशार ट्रक से कुछ लोग भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे हैं।

सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी नरसिंहपुर श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया। गठित की गयी एक टीम को नरसिंहपुर से लखनादौन की ओर जाने वाले मार्ग पर तैनात किया गया एवं एक टीम को राजमार्ग चौराहे की ओर जाने वाले रास्ते पर तैनात किया जाकर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाना करेली पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक आयशर ट्रक नरसिंहपुर की ओर से आता हुआ दिखाई दिया जिसे चेकिंग के लिए पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया किंतु पुलिस टीम को देख ट्रक चालक द्वारा तेजी से ट्रक लेकर भागने का प्रयास किया पुलिस टीम द्वारा ट्रक को भागता देख उसका पीछा किया गया एवं बैहर तिराहे, बरमान के पास को रोकने में सफलता प्राप्त हुई। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में मिठाई पैक करने के डब्बे भरे हुए थे। किंतु पुलिस टीम को देख ट्रक चालक में घबराहट को देखते हुए पुलिस को संदेह हुआ कि उक्त वाहन से कोई अवैध वस्तु परिवहन की जा रही है। इस पर पुलिस टीम द्वारा और बारीकी से चेकिंग की एवं नुकीली रॉड को डिब्बों के अंदर डाला गया तो कुछ भारी चीज होने की आबाज आयी जिसे खाली करने पर लगभग 3 फिट डिब्बों के नीचे बनाएं गए एक बंकर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब भरी हुई मिली। ट्रक में अवैध शराब होने के संदेह पर ट्रक सहित वाहन चालकों को थाने लाया गया जिनसे पूछताछ पर उनके द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया आरोपियों द्वारा उक्त अवैध शराब को परिवहन नरसिंहपुर से सिलीगुडी ले जाना बताया एवं कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अवैध शराब एवं वाहन को जप्त किया जाकर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त प्रकरण में जपती उपरांत गहनता से जांच की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी**

आरोपी 1, सतीश नंदड निवासी उदेशीपुर, थाना गनोर, जिला सोनीपथ, हरियाणा। आरोपी 2, मनोज यादव निवासी जफारपुर, साउथ बेस्ट दिल्ली। जप्ती- 286 पेटी अंग्रेजी शराब (Imperial Blue) एवं एक आयसर ट्रक क्रमांक एमएच 04 के एफ 3613 जप्त (कुल जप्त मशरूका कीमत लगभग 50 लाख रूपये) वैधानिक कार्यवाही- धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक, करेली निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, सउनि संतराम मरकाम, प्रधान आरक्षक कुलदीप सोमकुवर, आरक्षक राजेश बागरी, विपिन पटेल, सैनिक रियाज खान, रमेश सिसोदिया की सराहनीय भूमिका रही है।

## कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय एवं न्यायालय का निरीक्षण

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने बुधवार को तहसील कार्यालय सांईखेड़ा एवं तहसीलदार न्यायालय सांईखेड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व कार्यों की प्रगति, अभिलेखों के संधारण एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने दायरा पंजी, अभिलेख पासबुक, लंबित राजस्व प्रकरणों एवं अन्य समस्त प्रकरणों को अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पारित आदेशों का समयबद्ध अमल सुनिश्चित किया जाए तथा अभिलेखों का दुरूस्तीकरण प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। निरीक्षण में अभिलेख पासबुक अधूरी पाए जाने, जानकारी समय पर अपडेट नहीं होने तथा राजस्व प्रकरण लंबित पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रभारी तहसीलदार सांईखेड़ा अतुल श्रीवास्तव, रीडर शुभम शुक्ला व सुनील पतरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता, अद्यतन अभिलेख संधारण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कलावती व्यारे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# तेंदूखेड़ा को सिविल अस्पताल की जरूरत, नये बजट में आस

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में जनसंख्या के घनत्व को दृष्टिगत रखते हुए सिविल अस्पताल की महती आवश्यकता महसूस की जा रही है। विगत वर्ष यहां पर एक नये भवन को लेकर राशि आवंटित की गई थी और गृहनिर्माण द्वारा बनाए जाने के लिए जगह की नाप तौल भी की गई थी लेकिन बाद में अचानक यह निर्माण बजट का हवाला देकर आवंटित नहीं हो सकी थी।

स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि इसे स्वयं विभाग ही बनवायेगी। चूंकि अब इस राशि को लेकर बजट में इंतजार है। चूंकि तेंदूखेड़ा तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित होने के कारण यहां पर पड़ोसी जिलों के बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज के लिए आना जाना हुआ करता है ।जरुरी है कि यहां पर सिविल अस्पताल बनाये जाने की आवश्यकता है। सर्व सुविधायुक्त अस्पताल बनने से मरीजों को लाभ होगा। पूर्व में भी इस दिशा में समाचार पत्रों के साथ साथ विभागीय स्तर पर भी वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है ।इस विषय को लेकर क्षेत्र के प्रतिष्ठित सजग वर्ग ने अपने अपने विचार रखे हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार जरुरी



रोटी कपड़ा और मकान की आवश्यकता के बाद स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों जरुरी है इनमें स्वास्थ्य को पहले रखना होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन होना बेहद जरूरी है। आगामी बजट में एक बड़ी राशि के साथ तेंदूखेड़ा में सिविल अस्पताल सर्वसुविधायुक्त बनाए जाने प्रावधान किया जाए।

**-सौरभ पाण्डेय**,सजग पत्रकार तेंदूखेड़ा

### जनसंख्या के घनत्व के अनुसार हों सुविधाएं



तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या के घनत्व के साथ सुविधाएं और विस्तार होना बहुत ही जरुरी है। केंद्र सरकार ने बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों को प्राथमिकता दी गई है।अब प्रदेश सरकार को चाहिए कि आने वाले बजट में तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर सिविल अस्पताल के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया जाए।

**-मुकेश पुजारी**, अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा

### कोविड काल की त्रासदी देखी है



कोविड काल की विभीषिका को हमनें काफी करीब से देखा है और शासन ने भी उसके बाद से स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर विशेष ध्यान दिया है। तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय है और राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है यहां पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार किया जाना चाहिए।

**-डा.प्रताप राय**, तेंदूखेड़ा



# चार नकाबपोश चोरों की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद


**नवभारत,करेली।** रायल सिटी करेली में दिनांक 11 फरवरी को रात्रि 2.30 से 3.30 बजे चार नाकाबपोश द्वारा चोरी की वारदात की घटना सीसीटीवी केमरे में केद हुई है। जानकारी के अनुसार रायल सिटी के तीन जगह नाकाबपोश चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है जिसमें से दो मकान के घर के लोग बाहर थे तब चोरी की वारदात की गई है। रायलसिटी में रहने वाले पत्रकार अमित वर्मा के घर के बाहर खड़ी कार के कवर को दो नाकबपोश चोर निकालकर ले गये है उसी समय सामने वाले मकान के गेट में लगे ताले को तोड़ने की भी कोशिश की गई किंतु घर में रह रहे लोगों की हलचर से चोर चोरी की वारदात घर में नही कर पाये।

# महाशिवरात्रि पर्व पर डमरूघाटी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक



**नवभारत,गाडरवारा।** कलेक्टर रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गाडरवारा स्थित डमरूघाटी शिवधाम परिसर एवं यहां लगने वाले मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली।

बैठक में गाडरवारा नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, एसडीएम गाडरवारा कलावती व्यारे, डमरूघाटी समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित एसडीएम, एसडीओपी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं के आगमन- प्रस्थान, प्रकाश व्यवस्था, पूजन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, वाहन पार्किंग, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने यातायात एवं आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर डायवर्सन प्वाइंट चिन्हित कर प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डमरूघाटी समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि महाशिवरात्रि पर लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पूजन- अर्चन हेतु आने की संभावना है। इस पर कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि संभावित श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध रूप से की जाएं। दर्शन व्यवस्था को क्रमबद्ध रखा जाए, ताकि भीड़ नियंत्रण प्रभावी ढंग से किया जा सके। उन्होंने फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग की टीम, प्राथमिक उपचार केंद्र, एंबुलेंस एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



# मयंक शर्मा को संयुक्त मोर्चा की कमान, तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**नवभारत,गोटेगांव।** बीते दिवस समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला नरसिंहपुर द्वारा मयंक शर्मा, सहायक ग्रेड 3 तहसील कार्यालय गोटेगांव को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के अवसर पर गोटेगांव के सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारी साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मयंक शर्मा का भव्य स्वागत किया। उपस्थित साथियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और शुभकामनाएं भेंट कर अपनी खुशी साझा की। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवीन पद के दायित्वों का निर्वहन करते हुए मयंक शर्मा भविष्य में कर्मचारी हितों के लिए निरंतर सक्रियता से कार्य करेंगे और संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

**एक नजर में**

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 286 पेटी अवैध शराब बरामद

**नवभारत,करेली।** दिवस 11 फरवरी को करेली पुलिस ने 286 पेटी अबैध शराब बरामद की है शराब बरामद में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। शराब और ट्रक की कीमत 50 लाख रुपए बताई जा रही है,ऋषिकेश मीणा पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर ,संदीप भूरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मनोज गुप्ता एस डी ओ पी नरसिंहपुर के नेतृत्व मे करेली थाना प्रभारी रत्नाकर हिंग्वे एंव करेली थाना स्टाफ ने शराब माफिया की धड़पकड़ की है ।

## भू-माफियाओं के हौसले बुलंद, अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण से जनता त्रस्त

**नवभारत,गोटेगांव।** जिले की चारों तहसीलों में इन दिनों भू-माफियाओं और अवैध अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। शासन-प्रशासन की कथित शिथिलता के चलते ये माफिया बेखौफ होकर अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं। विशेषकर गोटेगांव क्षेत्र में बिना किसी वैध अनुमति के धड़ल्ले से कॉलोनाइजर सक्रिय हैं, जिससे भविष्य में आम नागरिकों के ठगी का शिकार होने की प्रबल आशंका बनी हुई है। इन कॉलोनाइजरों पर प्रशासनिक अधिकारियों का कोई अंकुश नजर नहीं आ रहा है, जिसके कारण सरकारी जमीनों पर भी अवैध कब्जों का जाल फैलता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर महोदया का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण के खिलाफ एक विशेष मुहिम चलाकर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। समय रहते यदि इन भू-माफियाओं पर लगाम नहीं कसी गई, तो शहर में चारों ओर इनका साम्राज्य स्थापित हो जाएगा, जिससे न केवल आम जनता से मनमानी राशि वसूली जाएगी बल्कि शासन को मिलने वाले राजस्व का भी भारी नुकसान होगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे जनहित में सख्त कदम उठाएं ताकि जनता को भू-माफियाओं के चंगुल से निजात मिल सके और शासन की आय में भी वृद्धि हो। मानो इस समय संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव क्षेत्र में अवैध कॉलोनी की बाढ़ आ गई है जो की अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में नियम विरुद्ध फ्लर्टिंग कर कॉलोनी काटी जा रही है नगरीय प्रशासन संबंधित विभाग अधिकारियों को इस ओर ध्यान आकर्षित कर जो आवैधानिक तरीके से भू माफियाओं द्वारा कालोनियां काटी जा रही है उन पर जांच उपरांत दंडात्मक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें ताकि आम नागरिकों के साथ-साथ राजस्व का भी नुकसान ना हो।

## मिट्टी का अवैध उत्खनन-परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण कर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान सांईखेड़ा तहसील के अजंदा रोड स्थित एक ट्रेक्टर- ट्राली वाहन क्रमांक एमपी 49 एबी 2678 खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन/ परिवहन करते पाया गया। उक्त ट्रेक्टर-ट्राली को सुरक्षार्थ के लिए थाना सांईखेड़ा में खड़ा करवाया गया और अवैध उत्खनन का प्रकरण बनाया गया। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि इस प्रकार की संयुक्त कार्यवाही जिले में सतत जारी रहेगी।

## बिना गुरु के परमात्मा की प्राप्ति नहीं है संभव : ब्रह्मचारी अचलानंद

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपस्थ ग्राम श्रीनगर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास पंडित सुमेश तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। सुदामा जी के दरिद्र जीवन और द्वारकाधीश कृष्ण द्वारा उनके चरण पखारने के प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रोता भावुक हो उठे। कथा में बताया गया कि कृष्ण-सुदामा का मिलन निष्काम भक्ति और सच्चे प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। भगवान ने सुदामा की दो मुट्ठी तंदुल खाकर उन्हें लोक-परलोक की संपत्ति प्रदान कर दी। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा निकाली गई भव्य झांकी ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से परमहंसी गंगा आश्रम से पधारे ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं।



# खस्ताहाल सड़क दे रही दुर्घटनाओं को न्योता, ग्रामीणों ने उठाई सुधार की मांग

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप गोटेगांव नगर से ग्राम दीघारी को जोड़ने वाला सड़क मार्ग वर्तमान में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मुख्य मार्ग के परखच्चे उड़ जाने के कारण जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं, जो आए दिन राहगीरों के लिए बड़ी दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कुछ समय पूर्व इस मार्ग पर थिगरा लगाकर मरम्मत की खानापूर्ति की गई थी, लेकिन गुणवत्ता विहीन कार्य के चलते कुछ ही दिनों में सड़क की हालत फिर से जस की तस हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार एक ओर करोड़ों की लागत से नई सड़कों का जाल बिछाने का दावा कर रही है, वहीं दीघारी के नागरिक आज भी खराब सड़क के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती है जब ये गड्ढे तालाब का रूप ले लेते हैं और पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने शासन-प्रशासन की अनदेखी पर रोष व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द मार्ग के नवनिर्माण की मांग की है ताकि ग्रामीणों को इस समस्या से स्थाई निजात मिल सके।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शंखनाद



**नवभारत,गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम पिपरिया कला में आध्यात्मिकता की अविरल धारा प्रवाहित होने लगी है। अखंड कोटि ब्रह्मांड नायक परमात्मा की असीम अनुकंपा और मां नर्मदा के आशीर्वाद से ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन श्री श्री 1008 श्री टाटामबरी जी महाराज (पासीघाट), श्री श्री 1008 श्री संतोष दास जी त्यागी महाराज (गणेश घाट) की असीम कृपा और श्री 108 रामबहादुरदास जी त्यागी के पावन सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब कथा के प्रथम दिन राम जानकी मंदिर परिसर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 21 सौभाग्यवती महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर सहभागिता की। पीले वस्त्रों में सुसज्जित श्रद्धालुओं और गाजे-बाजे के साथ जब यह यात्रा ग्राम की गलियों से गुजरी, तो समूचा वातावरण जय श्री राधे और नर्मदे हर के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। विद्वान कथावाचक करेंगे अमृत वर्षा आयोजन के केंद्र में प्रख्यात कथावाचक पंडित श्री जितेंद्र जी शास्त्री (चौरास वाले) हैं, जो अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भागवत महापुराण के गूढ़ रहस्यों और भगवान की लीलाओं का रसपान कराएंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। धर्ममय हुआ ग्राम का वातावरण कलश यात्रा के सबसे आगे श्रीमद् भागवत जी को सिर पर धारण कर पंडित चंद्र प्रकाश दुबे और पंडित उमाशंकर दुबे चल रहे थे। उनके साथ ग्राम के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा स्थल पर पहुंचने के बाद विद्वान पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन कर कथा का विधिवत श्रीगणेश किया गया।

# चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर में आयोजित हुआ विशेष कृषि जागरूकता सत्र

## टेरेस गार्डनिंग, जैविक खेती एवं फसल अवशेष प्रबंधन पर दी विस्तृत जानकारी




**नवभारत,नरसिंहपुर।** चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर में कृषि विभाग द्वारा कृषि जागरूकता सत्र का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, प्रधानाचार्य फादर वर्गीस, शिक्षक, विद्यार्थियों के अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने टेरेस गार्डनिंग, किचन गार्डनिंग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत उर्वरक वितरण, जैविक/ प्राकृतिक हाट बाजार, फसल अवशेष प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, धरती माता बचाओ अभियान, उन्नत बीज एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टेरेस गार्डनिंग पर विशेष जोर देते हुए बताया कि शहरी क्षेत्रों में स्थान की कमी के कारण अपने घरों की छत पर सब्जियां, फल, जड़ी- बूटियां एवं फूल उगाना प्रभावी समाधान है। इससे ताजी एवं रसायन मुक्त सब्जियां- फल प्राप्त होते हैं। साथ ही घर का तापमान संतुलित और पर्यावरण भी शुद्ध होता है। उन्होंने बताया कि 3 से 4 माह में टेरेस गार्डनिंग के माध्यम से घर पर ही ताजी सब्जियां उगाई जा सकती हैं, जिससे स्वास्थ्य लाभ एवं आर्थिक बचत दोनों संभव हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि कलेक्टर रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिला पंचायत नरसिंहपुर के परिसर में प्रति सोमवार एवं गुरुवार को संचालित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार की जानकारी दी। कार्यक्रम में फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नरवाई प्रबंधन हेतु बेलर, सुपरसीडर एवं हैप्पीसीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों की उपयोगिता समझाई गई। किसानों की सुविधा के लिए ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक टोकन व्यवस्था एवं संतुलित उर्वरक उपयोग पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

**आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आर्गेनिक टेरेस गार्डनिंग एवं किचन गार्डनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही बीज पैकेट, ग्रो बैग एवं विभिन्न गार्डनिंग उपकरण (खुरपी, फावड़ा, स्प्रेयर, पानी का कैन आदि) वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य फादर वर्गीस ने कहा कि यह पहल कृषि शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




# सीएम राइज स्कूल को मिलेगी आधुनिक सौगात

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव नगर स्थित सीएम राइज स्कूल एवं संदीपनी विद्यालय के बुनियादी ढांचे में बड़ा परिवर्तन किया जा रहा है। विद्यालय की लगभग 60 वर्ष पुरानी जर्जर इमारत, जिसकी नींव वर्ष 1965 में रखी गई थी, उसे सुरक्षा की दृष्टि से चरणबद्ध तरीके से हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में इस संस्थान को सीएम राइज स्कूल के रूप में चयनित किया गया था, जिसके बाद से यहां आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की योजना पर कार्य चल रहा है। वर्तमान में विद्यालय परिसर में नवीन एवं भव्य भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है, जिसका अधिकांश हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है। पुरानी संरचना के मलबे को हटाने और नए निर्माण के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। नई इमारत के पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद विद्यार्थियों को सुव्यवस्थित कक्षाएं और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। स्थानीय स्तर पर नई इमारत के संचालन की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही विद्यालय की समस्त गतिविधियां इस नए और सुसज्जित परिसर में स्थानांतरित कर दी जाऐ।